
हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 स्वागत की करो भव्य तैयारी, 17 को आ रहे ...



07 भूतेश्वर पथ, छिपेटी बाजार, मदन मोहन मंदिर के...



## खबर संक्षेप

### राजेश जैन टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने, दो उपाध्यक्ष नियुक्त



**विदिशा।** विदिशा जिले की टेबल टेनिस एसोसिएशन का गठन किया गया है। जिसमें सर्व सम्मति से राजेश जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विष्णु गोयल एवं गोविंद गोयल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अतुल जौहरी को संगठन का सचिव, प्रमोद गोयल सह सचिव नियुक्त, संगीत सक्सेना कोषाध्यक्ष, सोहेल अहमद मीडिया प्रभारी नियुक्त हुए। कार्यकारिणी सदस्य शंकरलाल गोयल, अमित बंसल, राजेंद्र सिंह, चंचल जैन, समीर शाह, मोहित सिंह को बनाया गया है।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आज होगा

**विदिशा।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा उत्सव के अवसर पर आज सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम खेल स्टेडियम परिसर में शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न अधिकारियों को कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव के द्वारा दायित्व सौंपे गए है जिसमें मंच संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था, आयोजन स्थल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यो के लिए नाम दर्ज अधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

### रोजगार-स्वरोजगार मेला का आयोजन आज होगा

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर स्व-रोजगार मेला का आयोजन आज शुक्रवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली कार्यक्रम व योजनाओ के माध्यम से उन्हें लाभांवित किया जाएगा।

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक

**विदिशा।** पीएम यशस्वी योजनांतर्गत ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9 वी से 12 वी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए योजना के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। चयनित 195 शासकीय, अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य छात्रों को सहयोग प्रदान करेंगें। चयनित संस्थाओं के उक्त वर्ग ऐसे विद्यार्थी जिनके परिवार की वार्षिक आय रू.2.50 लाख से कम है, वे इस योजना के पात्र होगें। चयनित कक्षा 9 से 10 वी के विद्यार्थियों की अधिकतम रू. 75 हजार एवं कक्षा 11 से 12 के विद्यार्थियों की राशि रू.1 लाख 25 हजार रुपए राशि (ट्यूशन फीस, छात्रावास फीस एवं अन्य शुल्क) के रूप में भुगतान की पात्रता होगी।

### पीएम जनमन अंतर्गत मेगा इवेंट 15 को होगा

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) अन्तर्गत आईईसी गतिविधियों के संबंध में 15 जनवरी 2024 को मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन रविन्द्र नाथ टेगौर भवन, विदिशा में किया गया है।

### प्रतियोगिता के लिए 15 तक कराएं पंजीयन

**विदिशा।** मध्य प्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कौशल के प्रतिभावान युवक-युवती आगामी 15 जनवरी तक एनएसडीसी के पोर्टल अथवा एप स्किल इंडिया डिजिटल पर पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की पात्रता नहीं हैं। एक जनवरी के बाद जन्मे व्यक्ति इसमें शामिल हो सकते हैं। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभावान युवक-युवती को इंडिया स्किल एवं विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## पिछले 3 दिन में हुए दो सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत, दो साल में 400 से अधिक मौतें

# हाईवे हादसे में युवा व्यापारी की मौत

हाईवे पर हो रहे हादसों के कारण लोग मर रहे हैं। पिछले 3 दिनों में 3 की मौत हो गई। जिले में हाईवे पर अंधे मोड़ अधिक होने के कारण भी अक्सर हादसे होते रहते हैं। पिछले दो साल में 436 लोग जान गवां चुके हैं। प्रशासन ने सात स्थानों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित तो किए हैं। लेकिन इन स्थानों पर हादसे रोकने के लिए आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। उल्टा 7 में 4 ब्लैक स्पॉट को यथावत रखने का निर्णय लिया। इन ब्लैक स्पॉट को यथावत रखने की बात पूर्व एसपी मोनिका शुक्ला ने सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक के दौरान पूर्व में कही थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



ग्राम चक्कपाटनी नेशनल हाईवे 146 पर ट्रक और कार की भिड़ंत में कार चालक की मौत हो गई। थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी ने बताया कि ट्रक चालक महाराष्ट्र से सागर की ओर जा रहा था। कार चालक सागर से विदिशा की ओर आ रहा था। तभी चक्कपाटनी के पास कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार चालक को गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जीवन इंटरप्राइजेज के संचालक गोपाल दास डांगरा का बेटा लखन (निकेत) डांगरा निवासी अरिहंत बिहार विदिशा अपनी क्रेटा कार से सागर से विदिशा जा रहे थे। ट्रक क्रमांक एमएच 2-एफजी-6255 ने ग्राम चक्कपाटनी के पास टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।



निकेत डांगरा (लखन)

### शहर से गुजरे हाईवे पर तकनीकि खामियां बन रहीं कारण

शहर से गुजरे हाईवे पर अंधे और डेढ़ मेढ़े कई मोड़ हैं। जिसके कारण कई हादसे हो रहे हैं। सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में जिले में चिन्हित सात ब्लैक स्पॉट (जहां अधिक हादसे होते हैं )। सुधारने के लिए कई बार अधिकारी, जनप्रतिनिधि चर्चा कर चुके हैं। लेकिन आज तक इन ब्लैक स्पॉट को सही नहीं किया गया है। सड़क में तकनीकि खराबी होने के कारण यह हादसे होते हैं। इन ब्लैक स्पॉट पर तीन साल में 44 हादसे हुई जिनमें 40 लोग मरे। वहीं जिलेभर में हुए कुल सड़क हादसों में दो साल के भीतर 436 लोगों की मौत हुई है। पुलिस के आंडके के अनुसार 2023 में 960 हादसे हुई हैं। इनमें 1035 लोग जख्मी और 211 ने जान गंवाई है। वहीं 2022 में 1022 सड़क हादसे हुए इनमें 1047 लोग जख्मी और 225 लोगों ने जान गंवाई। दो साल में 436 लोगों की मौत हुई है। हालांकि कुछ हादसे चालकों की लापरवाही के कारण भी हुए हैं।

### यह हैं विदिशा जिले के ब्लैक स्पॉट

**1. पांझ के सामने, एनएच 146**
सिविल लाइन विदिशा क्षेत्र में सागर रोड पर ग्राम पांझ के सामने 2019 में 3 हादसे हुए जिनमें 4 की मौत हुई। 2020 में 2 हादसों में 1 की मौत हुई, 2021 में 1 हादसे में एक की मौत हुई। इस प्रकार तीन साल में 6 हादसों में 6 लोगों की जान गई।

**2. नया गोला से गुरोद के बीच**
नटेरन क्षेत्र के स्टेट हाइवे 19 पर नयागोला से गुरोद सडक के बीच 2020 में 2 हादसे हुए जिनमें 1 की मौत हुई। जबकि यहीं पर 2021 में 4 हादसों में 2 की मौत हुई। इस प्रकारइस ब्लैक स्पॉट पर दो वर्ष में 6 हादसों में तीन की मौत हुई है।

**3. बासौदा के बरेठ मार्ग पर**
गंजबासौदा देहात थाना क्षेत्र के इस ब्लैक स्पॉट पर 2019 में 2 हादसों में तीन मौतें हुईं। 2020 में दो हादसों में दो मौत हुईं, ।जबकि 2021 में हुए तीन हादसों में एक व्यक्ति की जान गई है। इस प्रकार यहां तीन साल में 7 हादसों में 6 लोगों की जान गई है।

**4. एनएच पर मढ़ीपुर के पास**
ग्यारसपुर मार्ग पर एनएच 146 पर मढ़ीपुर के पास भी ब्लैक स्पॉट है। यहां 2019 में दो हादसों में एक की मौत हुई। 2020 में तीन हादसों में दो की और 2021 में एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस तरह यहां तीन साल में 6 हादसे हुए हैं जिनमें 4 लोगों की मौत हुई है।

**5. बीना पुलिया से लायरा के बीच**
कुरवाई क्षेत्र में स्टेट हाइवे 14 पर बीना पुलिया और लायरा के बीच के मार्ग को भी ब्लैक स्पॉट माना गया है। यहां 2020 में 4 हादसों में 9 लोगों की जान जा चुकी है।

**6. भौंरासा पेट्रोल पंप के पास**
कुरवाई में ही भौंरासा पेट्रोल पंप के पास भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया है। यहां 2019 में 3 हादसों में 3 लोगों की मौत हुई है। 2020 में यहां एक हादसे में एक की और 2021 में भी एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस प्रकार तीन साल में यहां पांच हादसों में पांच की जान गई है।

**7. मेहलुआ चौराहा**
स्टेट हाइवे 14 पर मेहुलआ चौराहा मुख्य मार्ग भी ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां दो साल में 10 हादसे हुए हैं, जिनमें सात लोगों की जान जा चुकी है। यहां 2020 में 3 हादसों में 3 की और 2021 में 7 हादसों में 4 लोगों की जान जा चुकी है। लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं लेकिन ब्लैक स्पॉट नहीं मिटाए जा रहे।

### क्या कहती है पुलिस

इधर पुलिस का दावा है की पुलिस के प्रयासों से जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 3 प्रतिशत की कमी आई है। जिले में यातायात पुलिस व थाना पुलिस के द्वारा सम्पूर्ण जिले में कुल 15-20 स्कूल, कॉलेज, चौक चौराहों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाकर लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने इत्यादि के संबंध में जागरूक किया गया। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 27844 वाहन चालकों से 1,01,13,800 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। इसमें 129 लोगों पर तेजगति से वाहन चलाने के मामले बनाये। वहीं 228 लोगों के लायसेंस निरस्त किये। 47 सायलेंसर/बुलट पटाका सायलेंसर पर चालान बनाये। 677 लोगों पर इन्टर सेप्टर व्हीकल के माध्यम से चालानी कार्रवाई की गई है। वर्तमान में सम्पूर्ण जिले में मप्र शासन के निर्देशानुसार यात्री बसें, ट्रक, डम्पर, स्कूली वाहन, ऑटो आदि की लगातार सघन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान इनके बीमा, फिटनेस, लायसेंस व अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की जा रही है । वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्वच्छता में विदिशा देश में 73वे नंबर पर नपा के प्रयासों से 94 शहरों को पीछे छोड़ा

**हुआ सुधार:** पिछली बार स्वच्छता अभियान में विदिशा 167वें नंबर पर आया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



प्रीति राकेश शर्मा नपाध्यक्ष विदिशा

स्वच्छता अभियान में विदिशा शहर देश में 73 वे नंबर पर आया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में विदिशा नेशनल रेंकिंग 446 में से 73वां स्थान प्राप्त किया। प्रदेश में 33 में से 24वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं विदिशा जिले में प्रथम पर आया है।

पहले विदिशा स्वच्छता अभियान में 167 वे नंबर पर आया था। इस बार देश में 73वे नंबर पर विदिशा स्वच्छता अभियान में विदिशा आया है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि नपा के अधिकारी कर्मचारी और शहर के लोगों के सहयोग से ही विदिशा नगरपालिका ने पूरे भारत में देश में 73वां नंबर प्राप्त किया है। शहर के सभी नागरिकों व समाजसेवियों एवं नगरपालिका के सभी कर्मचारी, सफाई मित्रों को धन्यावाद देती हूं। राकेश शर्मा ने कहा की शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नपा प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई कार्य भी किए जा रहे हैं, आगे और सुधार करेंगे। शहर को इंदौर की तरह स्वच्छ बनाया जाएगा।



**विदिशा।** शहर को सुंदर बनाने के लिए नपा द्वारा विभिन्न प्रयोग किए जा रहे हैं।

**सड़क सुरक्षा सप्ताह**

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने शिविर 16 को

**विदिशा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह आगामी 17 जनवरी तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लाइसेंस बनाए जाने ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा व्यावसायिक वाहन चालकों के नेतृत्व प्रशिक्षण के लिए भी शिविर का आयोजन किया गया है। सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत शुक्रवार 12 जनवरी को शासकीय आईटीआई कॉलेज, विदिशा में तथा 16 जनवरी को शासकीय कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के लिए शिविरों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा 17 जनवरी को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर लटेरी के सौजन्य से व्यावसायिक वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए बस स्टैंड, विदिशा पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संघ ने उठाई आवाज, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने आवाज उठाई। गुरुवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर ने कर्मचारी संघ कार्यालय में निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया। परामर्शदात्री समिति बैठक शीघ्र बुलाने का भी आश्वासन दिया। साथ में उन्होंने कार्यालय स्तर पर पदोन्नति के संबंध में कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है। लघु वेतन कर्मचारी संघ ने संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान राजेंद्र सिंह यादव, उमराव सिंह कुशवाह, मंगलसिंह तोमर, मनमोहन सोनी, हरिसिंह चौहान, चेतनसिंह चौहान, प्रदीप सेन, आरती शर्मा, लखन सिंह, रिंकी शर्मा, राधाबाई, सुनीता बाई, सीमा, सविता, दिनेश श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



**विदिशा।** कलेक्टर को ज्ञापन देकर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने रखी अपनी बात।

### जिले में करीब 100 चपरासी के पद रिक्त हैं

राजस्व विभाग अंतर्गत जिले में करीब 100 चपरासी के पद रिक्त हैं शासन के नियम अनुसार 25% पद चपरासी के पद से पदोन्नति दिया जाना चाहिए। यह प्रावधान भी है वर्ष 2016 से चपरासियों को पदोन्नति से वंचित रखा गया है। उनको पदोन्नति नहीं दी जा रही है और लिपिकिय कर्मचारियों की कमी के कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने पदोन्नति देने की मांग की गई एवं लघु वेतन कर्मचारी संगठन को कार्यालय उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। जिला परामर्शदात्रि समिति की बैठक शीघ्र बुलाने की मांग कलेक्टर से की गई। संघ का कहना है कि चतुर्थ श्रेणी में कई कर्मचारी योग्य हैं। ऐसे में उन्हे मौका नहीं मिल पा रहा है।

# विश्व में अनेकों परिवर्तन व क्रांति युवाओं से ही संभव: नंदनी दीदी

**विदिशा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुखर्ज नगर द्वारा साईं कॉलेज आफ नर्सिंग पैरामेडिकल साइंसेज में सकारात्मक युवा विकसित भारत का आधार विषय पर ब्रह्माकुमारीज के युवा प्रभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी नंदिनी दीदी ने अपनी बात रखते हुए कहा की मनुष्य जीवन बहुत ही अद्भुत है और उसमें युवाकाल सबसे महत्वपूर्ण है। युवा अवस्था में ही कई प्रकार के सामर्थ होते हैं जिसके द्वारा व्यक्ति अपना जीवन जैसा चाहे वैसा बना सकता है। यही समय होता है जानने का, समझने का, कुछ नया करने का। उपलब्धियां को प्राप्त करने का, स्वयं का वर्तमान व भविष्य बनाने का, श्रेष्ठ समाज, राष्ट्र एवं विश्व का नव निर्माण करने का। युवा शक्ति महान शक्ति है देश व विश्व में अनेकों परिवर्तन और क्रांतियां युवाओं के माध्यम से ही संभव है। क्योंकि युवाओं में तन मन की शक्ति और बल बुद्धि की शक्ति सबसे ज्यादा होती है।

# बेतवा उत्थान समिति की वार्षिक आमसभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा उत्थान समिति के स्थापना दिवस पर गुरुवार को समिति के पदाधिकारियों ने बड़वाले घाट पर श्रमदान कर पौधे रोपे। समिति अध्यक्ष अतुल शाह के अनुसार आज 12 जनवरी को दोपहर ढाई बजे जालौरी गार्डन में वार्षिक आमसभा होगी। इस मौके पर बुंदेलखंड के वाटरमेन संजय सिंह शामिल होंगे।

गुरुवार को श्रमदान के बाद समिति के 22वें स्थापना दिवस पर बेतवा बाबा मदनलाल उद्यान में पौधा रोपे। कच्छी धर्मशाला में लोगों को भोजन कराया। इस दौरान ज्ञानी मंजीत सिंह, डॉ सुरेश गर्ग, डॉ कुसुम गर्ग, समिति सचिव केएन गुप्ता, जीएस चौहान, सुशील अग्रवाल, संजय प्रधान, विजय श्रीवास्तव, एमएल तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, शिवकुमार तिवारी, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।



# सरकार की योजनाओं ने लोगों के जीवन को सुधार दिया: टंडन



**विदिशा।** माधवगंज पर हुए कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक मुकेश टंडन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्र सरकार की योजनाओं ने लोगों के जीवन को सुधार दिया है। यह बात विधायक मुकेश टंडन ने माधवगंज पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत में गुरुवार को माधवगंज चोराह एवं बड़ा बाजार पर कार्यक्रम हुए। जिसमें नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि विभाग द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश के सभी लोग आत्मनिर्भर बने और इसी को लेकर केंद्र सरकार काम भी कर रही है। विधायक श्री टंडन ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों के जीवन सुधार किया है प्रधानमंत्री आवास से लोगों के पक्के मकान बनवाने का काम मोदी जी ने किया है। आयुष्मान कार्ड से लोगों का उपचार करवाने का काम किया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने अनेक सारी योजनाएं चालू की हैं। एक रुपए में अनाज देने का काम किया है। बहनों को गैस सिलेंडर एवं बुजुर्गों को पेंशन देने का काम किया है।

# कुरवाई ने स्टूडेंट 11 भोपाल की टीम को 3 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर संतोष पासी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय संतोष पासी की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट थर्ड सीजन 2024 का आयोजन चल रहा है। गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत 3 मैच खेले गए। पहला मैच रॉयल क्रिकेट कुरवाई बनाम स्टूडेंट 11 भोपाल के मध्य खेला गया। रॉयल कुरवाई ने 7 ओवर में 57 रन ही बना पाई। जवाब में उतरी स्टूडेंट 11 भोपाल की टीम ने निर्धारित ओवर में मात्र 54 रन ही बना पाई तीन रनों से यह रोमाँचक मैच गंवा दिया। दूसरा मैच अर्दित 11 विदिशा बनाम रॉयल कुरवाई के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करने आई अर्दित 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में कुश यादव के ताबड़तोड़ 73 रनों की पारी की बदौलत 137 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल कुरवाई की टीम 7 ओवर में 94 रन ही बना पाई और मैच गंवा बैठी। तीसरा और अंतिम मैच प्रतियोगिता का दूसरा क्वाटर फाइनल मैच अनस विदिशा इलेवन बनाम अर्दित 11 के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। अर्दित 11 भोपाल ने निर्धारित 8 ओवरों में अमित के 42 रनों की बल्लेबाजी की बदौलत 86 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में उतरी अनस विदिशा इलेवन की टीम की ओर से संजीव मीना ने 9 गेंद पर 32 रन एवं दौलत के 10 गेंद पर 29 रहने की बदौलत आसानी से यह मैच 5.1 ओवर में ही विजयश्री प्राप्त की। अदभुद बल्लेबाजी की वजह से संजीव मीना, कुश यादव मैन ऑफ द मैच रहे।



## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से गाय की मौत



**गंजबासौदा।** गुरुवार को ग्राम ऊहर में ट्रक क्रमांक एमपी 18 एच 4707 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए गाय को टक्कर मार दी। जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से गाय की मौत होते ही वहां मौजूद लोगों ने ट्रक को सड़क पर घेर लिया, इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके चलते देर तक सड़क पर जाम लगा रहा और वाहन चालक परेशान हुए।

### विश्व में लगातार बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय में पाठक संघ के द्वारा मातृभाषा हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी मातृभाषा पूरी दुनिया में बोले जाने वाली भाषाओं में तीसरे नंबर पर हिंदी का स्थान है। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि 10 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोली गई थी 25 वर्ष बाद राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने एवं वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज के दिन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की विश्व में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषाओं में पहला स्थान अंग्रेजी, दूसरे नंबर पर चीन में बोले जाने वाली मैंट्रेन एवं तीसरा स्थान हिंदी इसके अतिरिक्त दुनिया भर की 20 सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषाओं में छह भारतीय भाषाएं शामिल हैं। दुनिया भर में हमारी मातृभाषा हिंदी का वर्चस्व बढ़ रहा है। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि यूनेस्को की 9 कामकाजी भाषाओं में हिंदी भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र में फेसबुक ट्विटर और इंस्टाग्राम के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र समाचार की एक हिंदी वेबसाइट पर हिंदी सोशल मीडिया अकाउंट शुरू किया गया है। इस अवसर पर सुरेंद्र पिंकू शर्मा, घनश्याम सेन, संजीव शर्मा, कैलाश नेमा, माखनलाल एडवोकेट, टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

### नेत्र शिविर में की रोगियों की जांच

**त्योंदा।** गुरूवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत सिंह रघुवंशी एवं नेत्र सहायक अरविंद नोदया एवं मेडिकल कॉलेज भोपाल की टीम द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें 44 को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 37 मरीजो के चश्मों की जांच की गई।

# एक स्टार रेटिंग मिलने के बाद नगर के विकास में लगेंगे चार चांदः नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले में पहला स्थान मिला है। वही 50000 से एक लाख आबादी वाले शहरों मे 25 वां स्थान लगा है। इसी तरह नगर पालिका को इस बार एक स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है जो कि गत वर्ष नहीं मिल पाई थी। इस उपलब्धि के बाद नगर पालिका को केंद्र शासन से जो भी अनुदान राशि प्राप्त होगी उससे नगर के विकास को चार चांद लगेंगे। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि आगामी सर्वे में नपा द्वारा पूरे संसाधनों एवं तकनीकी आधारित उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा। एक साल की मेहनत के बाद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर विद्युत एवं पानी की व्यवस्था की जा चुकी है। वहीं गीले कचरे से खाद बनाने के लिए 30 इकाइयां और बनवाई जा रही है। साथ ही पुराने एकत्रित कचरे को उपचारित किया जाएगा। इसकी मदद से नए सर्वे में नगर पालिका को अतिरिक्त अंक प्राप्त होंगे।स्वच्छता सर्वेक्षण प्रभारी सहज तेनगुरिया, सेनेटरी इंस्पेक्टर जावेद खान ने बताया कि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के मार्गदर्शन में नपा को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इसमें पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा सहित समस्त सफाई कामगारों ने पूरे जी जान से काम किया है। अब इस साल नए-नए तरीकों और संसाधनों की मदद से स्वच्छता की दिशा में बेहतर कदम उठाए जाएंगे। ताकि नगर पालिका परिषद गंजबासौदा उच्च स्थान पर पहुंच सके।




**अनुदान प्राप्त होता है**

*स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंक लाने पर सरकार से अनुदान प्राप्त होता है। इस अनुदान की राशि को नगर विकास के कार्यों में लगाया जाता है। जिसमें सड़के, नालियां, भवन, स्वास्थ्य, स्वच्छता के अलावा अन्य कार्य किए जाते हैं। एक स्टार रेटिंग मिलने और 25 वां स्थान लगने से नगर विकास का मार्ग और अधिक खुल गया है।*

**शशि अनिल यादव**
**नपाध्यक्ष,गंजबासौदा**

**सुधार लाएंगे...**

*गंजबासौदा नपा को सभी के सहयोग से यह उपलब्धि मिली है, इस बार नए-नए प्रयोग और तरीकों से स्टार रेटिंग में और अधिक सुधार लाया जाएगा। स्वच्छता की दिशा में हम निरंतर लगे रहते हैं और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।*

**पवन कुमार शर्मा**
**नपा सीएमओ गंजबासौदा**

## नगर में जगह-जगह बंटेगा जगन्नाथ का भात


# स्वागत की करो भव्य तैयारी, 17 को आ रहे हैं भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) से करीब 1200 किलोमीटर की पदयात्रा तय करके 17 जनवरी को महाप्रभु जगन्नाथ अपने साथ चल रहे तपस्वी पदयात्रियों के साथ नगर में मंगल प्रवेश करेंगे। अभी जगन्नाथ महाप्रभु की यह रथ यात्रा सागर के पहले गोपालपुरा तक आ चुकी है। महाप्रभु के स्वागत के लिए आतुर नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, हिंदू संगठनों और राजनीतिक संगठनों ने नगर को दुल्हन की तरह सजाने के साथ-साथ जगह-जगह भंडारे लगाने का संकल्प लिया है। जगन्नाथ महाप्रभु के नगर आगमन की तैयारियों को लेकर बुधवार को स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में नगर के गणमान्य नागरिकों और संगठनों के बीच आयोजित हुई बैठक में विचार विमर्श किया गया।

मालूम हो कि वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में करीब 90 साल बाद महाप्रभु जगन्नाथ के नवीन विग्रहों के साथ-साथ रामलला





विराजमान हो रहे हैं। करीब एक करोड़ रुपए की लागत से आश्रम को विस्तार देते हुए भव्य निर्माण कराया गया है।

एक विराट धार्मिक आयोजन के अंतर्गत आश्रम में नवीन प्रतिमाओं की स्थापना सहित अन्य धार्मिक आयोजन 10 से 20 अप्रैल तक संपन्न होंगे। जगन्नाथ महाप्रभु के नवीन विग्रह को आश्रम में स्थापित होना है उन विग्रहों को नगर के पद यात्रियों का एक दल 1200 किलोमीटर की दूरी तय करके भक्ति भाव से राम नाम की संकीर्तन करते हुए जगन्नाथ पुरी से पैदल लेकर आ रहा है। इसी सिलसिले में नौलखी मंदिर में बैठक में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पंडित केशव शास्त्री, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नीलेश अग्रवाल, कांति भाई शाह सहित सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक और विभिन्न हिन्दू और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मौजूद नागरिकों ने रथ यात्रा के भव्य स्वागत के लिए अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक में विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख मौजूद रहे। लगभग 1 महीने से महाप्रभु जगन्नाथ के आगमन की प्रतीक्षा की घड़ी अब करीब करीब पूरी होने आ रही है। महाप्रभु के नगर आगमन पर सबको उनका दर्शन हो जाए ऐसी व्यवस्था तय की गई है। जिसके अंतर्गत रथ यात्रा लालपठार से होते हुए त्योंदा रोड़, जयस्तंभ, बरेठ रोड़ भावसार पुलिया से महाराणा प्रताप चौक होते हुए तिरंगा चौक से राजेंद्र नगर लोहा मिल रोड़, गांधी चौक से होते हुए सावरकर चौक हनुमान चौक होते हुए जय स्तंभ से अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, स्टेशन रोड़ हनुमान मंदिर होते हुए मील रोड़ होकर नौलखी मंदिर पहुंचेगी। जहां उसका समापन होगा।

जहां-जहां से रथ यात्रा गुजरेगी वहां-वहां घरों के सामने तोरण द्वार, मंगल कलश और रंगोली सजाकर रथ यात्रा का स्वागत किया जाएगा। रथ यात्रा में चल रहे सभी तपस्वी पद यात्रियों का भी स्वागत राजपूत समाज द्वारा पगड़ी पहनाकर किया जाएगा। वहीं अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा भी जगह-जगह भंडारे के साथ प्रसादी वितरित की जाएगी।

## आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी के लिए योग वरदान हैः प्राचार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश राज्य योग आयोग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशन मे पाँच दिवसीय योग फाऊंडेशन प्रशिक्षण का शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय के इनडोर हाल मे समापन समारोह प्राचार्य एम सी शर्मा के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। योग अभ्यासियों को संबोधित करते हुऐ शर्मा ने कहा आजकल हम सब भाग दौड भरी जिंदगी गुजार रहे है ऐसे माहौल मे योग वरदान बन गया है। हम सबको बीमारियों से बचाव के लिऐ प्रतिदिन योग प्राणायाम जरूर करना चाहिए। बीईओ परता अहिरवार ने बताया नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मे योग, कक्षा एक से शामिल किया जा रहा है। बीआरसी कपिल तिवारी ने बताया हाईस्कूल, हायर सेकंडरी शिक्षक प्रशिक्षण के बाद माध्यमिक एवं प्राथमिक स्तर तक के शिक्षको को भी प्रशिक्षण देने की योजना है। विकासखंड योग समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण ने प्राणायाम के माध्यम से निरोग एवं सुदीर्घ जीवन जीने की सलाह दी। इस अवसर पर सभी योग अभ्यासियो ने योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी एवं आराधना विश्वकर्मा का शाल श्रीफल पुष्प मालाऔ से स्वागत सम्मान कर गुरू शिष्य परंपरा का निर्वहन किया ।इस अवसर पर सभी योग अभ्यासियो को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन हाईस्कूल किरवाया प्राचार्य जे पी दुबे ने किया, जबकि आभार डा एकता राय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुनेश शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, रविन्द्र प्रताप सिंह बैस, जगदीश कुशवाह, यामिनी स्वर्णकार, पंकज तिवारी, अनिल श्रीवास, लाल सिंह, रूचिता यादव, राशि जैन, राजेश दांगी, रानू विश्वकर्मा, मनमोहन शर्मा, विमलेश लोधी, अभिलाषा चतुर्वेदी, मिथलेश रघुवंशी, महेन्द्र लोधी सहित 35 स्कूलों के महिला एवं पुरूष शिक्षक मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विकास शर्मा, किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह दांगी, सुनील बाबू पिंगले, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, मणिभाई अहिरवार, आशीष यादव, विक्की, विकास सेन, पलाश जैन, गौरव शर्मा, अंकित मीणा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुभाष चौक पर युवाओं ने की भारत माता की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वामी विवेकानंद युवा सप्ताह के दौरान स्वाबलंबी भारत अभियान के युवाओं ने सुभाष चौक पर भारत माता की संगीतमयी आरती की। इस मौके पर प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चल कर देश के युवा स्वयं के उद्योग स्थापित करें एवम कौशल आधारित व्यवसाय करें। उन्होंने कहा कि नगर एवम ग्रामीण क्षेत्रों में नशे का व्यवसाय फलफूल रहा है, युवाओं के नशे से दूर रहना चाहिए। इस मौक़े पर स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला टोली सदस्य परसराम दुबे ने स्वाबलंबी भारत अभियान एवम युवा आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में तहसील संयोजक सुखजीत सिंह काके ने



आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विविध राष्ट्रवादी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान गांधी चौक से वाहन रैली निकाली गई, जिसमें स्वामी विवेकानंद के चित्र के साथ भगवाध्वज धारी युवाओं द्वारा स्वदेशी अपनाने के नारे लगाए जा रहे थे। इस मौके पर जिला टोली सदस्य नारायण सिंह रघुवंशी, स्वदेशी अजय जैन, डॉ. संतोष शर्मा, केशव भावसार, रोहित अग्रवाल, विकास शर्मा, रचित अग्रवाल, जितेन्द्र यादव, श्याम चौरसिया, मुदित शर्मा, शिवेंद्र रघुवंशी, अभिकांत वर्मा, देवेन्द्र रघुवंशी, नीरज तेनगुरिया, विपिन तिवारी, सुनील कुशवाह, सुनील जैन, रौनक अन्वेकर, अनिरुद्ध साहू, गोविंद कुशवाह, अमर सिंह कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एलबीएस की निकुंज जैन कहानी के माध्यम से कर रहीं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की रासेयो इकाई की स्वंय सेविका एक कहानी के माध्यम से लोगों को लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरुक कर रही हैं। स्वयं सेविका निकुंज जैन की कहानी में बताया गया है कि एक सुनहरे गाँव में रहने वाले बच्चे राजा और प्रिया को अपने गाँव में हर तरह के हिंसा के खिलाफ जागरूक करने का मिशन बना लेते हैं। वे दोनों सच्चे दोस्त बन जाते हैं और एक दूसरे के साथ मिलकर गांव के बच्चों को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हैं। एक दिन गाँव में एक छोटी सी बच्ची नीता राजा और प्रिया से मिलती है। नीता ने सुना है कि उसकी मित्रता से जुड़े बच्चों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राजा, प्रिया और नीता को अपने संकल्प के बारे में बताते हैं और उसे जागरूक करने में सहायक होने का प्रस्ताव देते हैं। तीनों मिलकर गाँव के बच्चों को लिंगाधारित हिंसा के खिलाफ जागरूक करने का प्लान बनाते हैं। वे गाँव के स्कूल में जाते हैं और एक साथ बच्चों को बुलाकर एक साक्षात्कार का आयोजन करते हैं, जहां वे बच्चों को सुनाते हैं और उन्हें लिंगाधारित हिंसा से बचने के लिए कुछ सुरक्षा उपायों के बारे में बताते हैं। इस यात्रा में राजा, प्रिया और नीता ने गाँव के बच्चों को लिंगाधारित हिंसा से बचने के लिए सामूहिक जागरूकता का संदेश प्रकाशित कर और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एक समृद्ध समुदाय की ओर एक कदम और बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। स्वयंसेविका की इस पहल की काफी सराहना हो रही है।

## वेदांत आश्रम में चल रही कथा का ग्यारहवां दिन

# श्रीराम कथा में विश्वामित्र प्रसंग व अहिल्या उद्धार की कथा का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी यज्ञ व श्री राम कथा के ग्यारहवें दिवस अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने विश्वामित्र प्रसंग एवं अहिल्या उद्धार की कथा का सरस संगीतमय शैली के साथ वर्णन किया। उन्होंने ने कहा कि मनुष्य का कर्तव्य केवल अपने व अपने परिवार के बारे में सोचना ही नहीं है अपितु अन्याय और अनीति के विरुद्ध संघर्ष भी करना चाहिए। ताकि संपूर्ण विश्व में शांति की स्थापना हो और सभी मनुष्य परस्पर सौहार्दपूर्ण रह सकें। महर्षि विश्वामित्र ने लोक कल्याणकारी यज्ञों की रक्षा के निमित्त राजा दशरथ से उनके परम प्रिय पुत्र अवतारी पुरुष श्री राम और लक्ष्मण को मांगा। पहले तो राजा दशरथ ने अनेकों बहाने बनाकर मना किया। किंतु बाद में महर्षि वशिष्ठ के समझाने पर उन्होंने अपने प्राण प्रिय पुत्र राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र के लिए दे दिया स्वामी वेदांती महाराज ने बताया कि आदि शंकराचार्य






भगवान ने कहा है कि हमारी आत्मा ही सीता है और इसी सीता को परमात्मा को समर्पित करना ही मानव जीवन का परम लक्ष्य है। पर यह बहुत कठिन है कि हम माया के प्रपंच से बचकर अपने जीवन में ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव ला सके। इस समर्पण के लिए श्री राम श्रीरामचरितमानस में चार उपाय बताए गए हैं। वासना रुपी ताड़का का वध, मस्तिष्क में बैठी जड़ता रुपी अहिल्या का उद्धार, हृदय में रखे हुए अहंकार के धनुष का खंडन तथा काम की प्रतीक घोड़े को लगाम लगाना। जब हम अपने जीवन में अभिमान के धनुष को तोड़ देंगे तभी हमारी आत्मा रूपी सीता भगवान राम को प्राप्त कर लेगी। कथा मंच पर आज अहिल्या के उद्धार की झांकी का अद्भुत दर्शन कराया गया तथा स्वामी वेदांती के आह्वान पर नगर के अनेकों घरों में सुशोभित होने वाले बाल गोपाल ठाकुर जी की दिब्य झांकी उपस्थित कराई गई।

जिससे कथा पंडाल की शोभा अत्यधिक बढ़ गई। ठाकुर जी के आगमन पर उनका बेंड बाजों से स्वागत किया गया तथा सबकी आरती उतारी गई । कथा में विशेष रुप से पंजाब से पधारे चारधाम पीठाधीश्वर स्वामी नरहरी दास महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि गंज बासौदा के लोगों जैसी भक्ति कही भी देखने को नहीं मिलती है।

### खेल व कला प्रतियोगिता संपन्न




**गंजबासौदा।** बाल मित्र ग्रामों में सुरक्षित बचपन दिवस के अवसर पर विगत तीन दिनों से बाल मित्र ग्रामों में खेल एवं कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को ग्राम औरंगपुर एवं मूडरी के स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल एवं कला प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षक एवं कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## रावण वध के बाद अयोध्या लौटे श्रीराम, हुआ राज्याभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नवीन बस स्टैंड स्थित रामलीला मेले की रामलीला में गुरुवार को मेघनाथ कुंभकरण और रावण वध के बाद भगवान राम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया। रावण दहन का भी मंचन हुआ। अयोध्या से आई जनक दुलारी आदर्श रामलीला मंडली ने आकर्षक लीला का मंचन किया। विभीषण को लंका का राजा बनाने के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता व भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौट आए। दशरथ नंदन के आने की खबर सुनकर पूरे राज्य में जश्न का माहौल था। राम को राजगद्दी मिलते ही तीनों लोक में खुशियां मनाई गई। देवताओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल कामना की। रावण वध और लंका विजय के बाद राम, लक्ष्मण, सीता और वानर योद्धाओं के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में राम और भरत गले मिले। इस दौरान दोनों भाइयों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। इसके बाद गुरु वशिष्ठ के आदेशानुसार राम को राजगद्दी सौंपी गई। राम को राज तिलक लगाकर राज्याभिषेक किया गया। राज्याभिषेक होते ही अयोध्या में खुशियां मनाई गईं। राजा राम ने दरबारियों, शुभचिंतकों और याचकों को उपहार प्रदान किया। इस दौरान राम ने सीता को रत्न जड़ित माला प्रदान की, जिसे सीता ने उपहार स्वरूप हनुमान को दे दी। हनुमान माला तोड़ने लगे। यह देख दरबारियों को घोर आश्चर्य हुआ और हनुमान से माला तोड़ने का कारण पूछने लगे। हनुमान ने बताया की माला में राम नाम खोज रहा हूं। माला में यदि राम नाम नहीं है, तो यह मेरे किस काम की है। इस पर दरबारियों ने हनुमान से पूछा कि क्या तुम्हारे हृदय में राम जी निवास करते हैं, तो हनुमान ने हामी भरी और भरे दरबार में अपना सीना फाड़ हृदय में सीता राम का दर्शन कराया। हनुमान के हृदय में सीताराम को देख दरबारी प्रफुल्लित हो राम के जयकारे लगाने लगे। इस दौरान राम ने आध्यात्मिक प्रवचन दिया। श्री राम राज्याभिषेक की मनोहारी झांकी देख दर्शक भाव विभोर हो गए। आरती के पश्चात रामलीला का समापन हो गया।

## सिरोंज यातायात पुलिस व्यवस्थाओं को लेकर सख्त

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, नियम तोड़ने पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पुलिस प्रशासन अब यातायात व्यवस्थाओं को लेकर सख्त होता नजर आ रहा है। यातायात व्यवस्था में सुधार लाने सड़कों के अलावा बेतरतीब खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नगर चौक चौराहो पर चल रही यातायात पुलिस की कारवाई से वाहन चालको में हड़कंप मची हुई है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन एंव एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला द्वारा यातायात पुलिस के साथ विशेष यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत छतरी नाका पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 09 चालान पर 13400 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करने पर 08 चालान पर 2400 समन-शुल्क एवं परमिट न होने पर स्कूल बस पर 11000 का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें।

## सेमी गवर्मेंट एंप्लाइज फेडरेशन

# निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने पर मिठाई खिलाकर स्वागत



**सिरोंज।** 10 वर्षों से लगातार सेमी गवर्मेन्ट एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर सेमी गवर्मेन्ट एम्प्लाइज फेडरेशन भोपाल सम्भागीय अध्यक्ष मनमोहन यादव ने मुख्यालय पहुचकर अनिल बाजपेयी से सप्रेम भेंट कर व मिठाई खिलाकर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि श्री बाजपेयी विगत 10 वर्षो से फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर है व फेडरेशन के सभी सदस्य उनका बहुत सम्मान करते है। श्री बाजपेयी के मार्गदर्शन में दैनिकश्रमिकों के हितो के अनेकों कार्य किये गए है। वह निरन्तर सभी के लिए प्रयासरत रहते है। मनमोहन यादव के द्वारा फ़ेडरेशन को आगे बढ़ाने के लिए की जा रही अपनी कार्यशैली की जानकारी अनिल बाजपेयी को दी गई। इस दौरान शिवकुमार नामदेव ,मुकेश साहू,मोनू मांजी ,मोहित कपूर ,सुरेश कुशवाह आदि कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, गूंजे जयघोष

## सिरसवास सिद्ध बाबा आश्रम में सात दिवसीय श्रीमद भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम पंचायत मुगलसराय के ग्राम सिरसवास सिद्ध बाबा आश्रम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, कालियामसन मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का सुंदर चित्रण किया गया। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई।

उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या



शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अतरू हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और व्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से 24 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई

**सागर।** सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है जिसके तहत गुरुवार को संत रविदास वार्ड स्थित मनीष साहू डेयरी की 10 भैंसों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना एवं शिवदयाल गौर की 14 भैंसों को नगर निगम के वाहन द्वारा खुरई रोड हॉट पथरिया शिफ्ट किया गया। कुल 24 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया । नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी विस्थापन दल को निर्देश दिए हैं कि डेयरी शिफ्ट होने के बाद अपने जानवरों को पुनः शहर में लाकर डेयरी का संचालन करने वाले पशु मालिकों के पशुओं को जप्त कर नीलामी की कार्रवाई करे। इसके साथ ही यातायात में बाधक शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा रूप से घूम रहे पशुओं को पड़कर गौशाला में बंद कराने की कार्रवाई करे। पशु बाजार की सतत निगरानी करें नगर निगम आयुक्त ने डेयरी विस्थापन दल को निर्देश दिए हैं कि राहतगढ़ बस स्टैंड के पास पूर्व में लगने वाले पशु बाजार की सतत निगरानी करें तथा पशुओं के क्रय- विक्रय हेतु डेयरी विस्थापन

# भूतेश्वर पथ, छिपेटी बाजार, मदन मोहन मंदिर के सामने चला सफाई अभियान

## मशीनों के माध्यम से कराया कीटनाशक और मच्छर मार दवाई का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा 2 जनवरी से शहर की प्रत्येक गली मोहल्ले की साफ-सफाई के लिए विषेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नपा ने नगर के वार्ड क्रमांक 09 पुरानी सब्जी मंण्डी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।



जिसके अंतर्गत भूतेश्वर पथ, मदन मोहन सरकार मंदिर के सामने, छिपेटी बाजार, फूटी मस्जिद, आदि क्षेत्रों की रोडो एंव नालियों की विशेष सफाई कराई गई। कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव एंव मच्छर मार दवाई का छिड़काव मशीनों के माध्यम से कराया गया। सफाई अमले द्वारा नालों की सफाई कराकर कचरे को ट्रेक्टर-ट्राली के माध्यम से टेंचिंग ग्राउंड पर फिकवाया गया। सफाई अभियान में नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, स्वचछता पर्यवेक्षक संजीव करोसिया, सफाई दरोगा राहूल करोसिया, आकाश सहेले, विक्रम मैना, राजेश घेघट, राजू करोसिया, राजकिरण करोसिया अपनी पूरी सफाई टीम सहित सम्पूर्ण वार्ड की सफाई का कार्य किया। इस अवसर पर नपा सीएमओ राम प्रकाष साहू ने समस्त वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आस पास की साफ सफाई बनाये रखने के लिए नगर पालिका का सहयोग करें।

# संगीत, कविताओं के माध्यम से लोगों को अंगदान, देहदान के प्रति किया जागरूक

## सदाबहार फिल्मी गीतों व कविता पाठ ने किया सभी का मनोरंजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गांधी मेडिकल के ऑडिटोरियम में किरण फाउंडेशन द्वारा संगीत और कविताओं के जरिए लोगों को अंगदान देहदान नेत्रदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम्स के अध्यक्ष डॉ सुनील मलिक,हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया,गांधी मैडिकल कॉलेज के डीन सलिल भार्गव, मध्यप्रदेष के वरिष्ठ षिषु रोग विषेषज्ञ डॉ राकेष भार्गव,हमीदिया अस्पताल आई बैंक से भारती व नेत्र विभाग की एचओडी कविता कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अंगदान व देहदान नेत्रदान कर चुके परिवारों का सम्मान किया गया। इसमें भोपाल के सम्मानित डॉक्टर, एनजीओ के सदस्य व अंगदानी परिवार के सदस्य सदाबहार फिल्मी गीतों व कविता पाठ द्वारा सभी का मनोरंजन व उत्साहवर्धन किया।

## आज सामूहिक सूर्य नमस्कार, रक्तदान शिविर

**बरेली।** स्वामी विवेकानंद जयन्ती युवा दिवस पर आज नगर के शा. बालक हा.से. स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विधुत मंडल के उप महाप्रबंधक संभाग कार्यालय टीम पहल के सामने युवा दिवस, विवेकानंद जयन्ती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। शासकीय बालक हा.से. के प्रांगण में प्रातः नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में छात्रों द्वारा सामुहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की विभिन्न क्रियाओं का प्रर्दशन और अभ्यास कराया जाएगा। जिसकी विद्यालय परिवार द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। प्राचार्य के.के. बानी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बिजली कंपनी द्वारा संभागीय कार्यालय प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आज आयोजन किया जा रहा है।

# पुलिस ने आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नवीन आदेश के पालन एवं पुलिस अधीक्षक विदिशा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लटेरी के निर्देशन में विशेष वाहन चेकिंग किए जाने तथा सड़क सुरक्षा सप्ताह को दृष्टिगत रखते निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। जिसमें वाहन चालकों को सड़क नियम सबंधित जानकारी प्रदान की गई। लटेरी के सिरोंज चौराहे परस्थित पुलिस चौकी पर बैनर लगाकर प्रचार प्रसार किया। साथ ही वाहन चालकों से आग्रह कर नेत्र परीक्षण कराया गया। नेत्र शिविर में परीक्षण उपरांत लोगों को निशुल्क आंखों के ड्रॉप एवं चश्मो के नंबर दिए गए। लटेरी पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने एवं चार पहिया बाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए आग्रह किया गया । चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चालकों को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया ।सभी वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और चलानी कार्रवाही भी की गई। इस मौके पर लटेरी एसडीओपी अजय मिश्रा , टी आई बलवीर सिंह गौर सहित लटेरी थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का रामलीला मैदान में कार्यक्रम

# योजनाओं का लाभ पाकर जीवन में आ रहा बदलावः राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गुरूवार को नगर के रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री उपस्थित रहे। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर मामले में तेजी से विकास कर रहा है। कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से नागरिकों का तेजी से जीवन बदल रहा है। पटेल ने कहा कि जो पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये उन्हें भी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राही लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल




सिंह राजपूत, योगेन्द्र पटैल, पवन रघुवंशी, राजेन्द्र सिंह, अभिषेक राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, एसडीएम संतोष मुदगल एवं विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच पर नपं. की आठ महिला पार्षदों के लिए कुर्सिया लगाई गई थी। एक भी महिला पार्षद स्वंय उपस्थित न रहने पर उनके पतियों या प्रतिनिधियों द्वारा जिम्मेदारी संभाल महिलाओं की अनुपस्थिति का दायित्व निभाने का प्रयास करते रहे।

**नर्मदा भक्तिपंथ परिवार ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए ऊनी वस्त्रः बरेली।** नर्मदा भक्ति पंथ परिवार की संरक्षक दीदी रत्नमणि द्विवेदी ने भीषण शीत के चल रहे मौसम में शीत से बचाव के लिए ग्राम अहमदपुर में छात्र-छात्राओं को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया। कहा कि जरूरतमंदो को दान देने से अनेक गुना पुण्य प्राप्त होता है। रत्नमणी दीदी ने कहा कि हमारा दायित्व है कि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान पीडित न हो, सभी से ठंड से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र दान करने की अपील की। ऊनी वस्त्र वितरण के दौरान सदस्य अशोक दुबे, केशव लोधी, योगेश गोस्वामी इत्यादि की उपस्थिति रही।

# संक्रांति मेले की तैयारी को लेकर शिव मंदिर दुनातर मंदिर ट्रस्ट की बैठक

## उज्जैन महाकाल की तर्ज पर सजाया जाएगा शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

बेतवा और बीना नदी के संगम स्थल पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर दुनातर पर मकर संक्रांति को प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है।

मेले की तैयारी को लेकर एसडीएम मनोज प्रजापति तहसीलदार संदीप शर्मा टीआई जसवंत सिंह मीणा ने शिव मन्दिर दुनातर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद सक्सेना जरगुंवा पंचायत के सरपंच संजय राठौर जनपद सदस्य दीपचंद सप्रे की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक तैयारी के लिए दिशा निर्देश दिए।

मेले में कुरवाई बीना मंडी बामोरा मुंगावली लायरा मेहलुआ आदि आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु संगम स्थल पर स्नान करने बड़ी संख्या में आते हैं। बैठक में जनप्रतिनिधियों और मंदिर समिति के सदस्यों की मनसा के अनुसार मंदिर को फूल मालाओं से भव्यता से सजाया जाएगा और आकर्षक रोशनी कर मंदिर को जगमग किया जाएगा। वहीं मंदिर में स्थित शिवालय में शिवलिंग का उज्जैन महाकाल की तर्ज पर श्रृंगार किया जाएगा। जिसको देखते हुए प्रशासन ने अलग-अलग विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप गई है। पुलिस द्वारा वाहनों की पार्किंग, गोताखोर, मोटर बोट और शांति एवं कानून आदि की व्यवस्था के लिए



जिम्मेदारी सौंप गई जनपद पंचायत मंदिर के आसपास साफ सफाई पानी के टैंकर पार्किंग आदि की व्यवस्था दी गई वहीं नगर परिषद को फायर ब्रिगेड और पेयजल की व्यवस्था दी गई स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप का भी व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर में भजन मंडली श्रद्धालुओं आदि के लिए प्रसादी साउंड और आवश्यक व्यवस्थाएं करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्नान आदि करने के लिए घाटों पर व्यवस्था की गई है और नदी में गोताखोर एवं तैराकों की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में ग्राम पीरोठा के पूर्व सरपंच धीरज सिंह राजपूत कोमल सिंह राजपूत मंदिर ट्रस्ट के सदस्य पंचायत सचिव राजेंद्र श्रीवास मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामलीला मेलाः केवट संवाद की लीला को देखने उमड़ा जन सैलाब

# केवट ने नाव से भगवान को गंगा पार कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

ग्राम सेऊ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामलीला मेला का आयोजन किए जा रहा है। रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा केवट संवाद की लीला के लिए रामलीला प्रांगण के पास बने तालाब में ट्यूब की नाव बनाकर उसको आकर्षक सजाकर एवं तालाब के किनारों पर ध्वज एवं फूलों से सजाया गया।

राजा दशरथ के महाप्रयाण प्रसंग की भी प्रस्तुति की गई। प्रसंगानुसार वन में वटवृछ के दूध से जटा बनाते श्रीराम को देख मंत्री सुमंत रो पड़े। श्रीराम ने उन्हें सभी धर्मों का ज्ञाता



**विदिशा।** रामलीला में भगवान राम को गंगा पार कराते हुए केवट।

बताते हुए संकट की इस घड़ी में महाराज दशरथ को ढांढस बंधाने का अनुरोध किया। लक्ष्मण द्वारा महाराज दशरथ के प्रतिक्रोध प्रकट करने पर श्रीराम उन्हें समझाते हैं। साथ ही सुमंत को भी लक्ष्मण की बातें राजा दशरथ से न कहने के लिए वचनबद्ध करते हैं। सीता अयोध्या वापस जाने की बात को अपने तर्कों से काट मंत्री को निरूत्तर कर देती हैं।

गंगा तट पहुंचने पर केवट श्रीराम को पैर पखारे बिना गंगा पार कराने से मना कर देता है। इस पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं। केवट विनम्रता से कहता है लक्ष्मण उन्हें तीर भले ही मार दें लेकिन बिना पाव पखारे तीनों को अपनी नौका पर नही बैठाएगा। केवट की प्रेम वाणी सुन श्रीराम लक्ष्मण व सीता की ओर देख हंस पड़ते हैं। केवट भी आज्ञा पाकर कठौते में गंगाजल ले आया। केवट द्वारा प्रभुराम सीता व लक्ष्मण का पाव पखारते देख देवगण उसके भाग्य को सराहते हैं। देवी गंगा भी श्रीराम का चरण स्पर्श कर प्रसन्न हैं। एक ही पेशे से जुड़े लोग एक दूसरे से पारिश्रमिक नही लेते हैं। नदी पार उतारने पर केवट राम से उतराई लेने से इंकार कर देता है। कहता है कि हे प्रभु एक ही पेशे से जुड़े लोग एक दूसरे से पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। मैने आपको गंगा पार कराया, आप अपनी कृपा से मुझे इस संसाररूपी भवसागर से पार उतार दीजिएगा। केवट की ऐसी भक्ति देख लीलाप्रेमी भावविभोर हो गए।

## घर- घर पहुंचकर स्वयंसेवक दे रहे आमंत्रण

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज तहसील के 78 ग्राम एवं नगर गुलाबगंज में अक्षत वितरण के लिए 80 टोलियां बनाई गई हैं। जो घर-घर जाकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण दे रहे हैं। श्री रघुवंशी के अनुसार 22 जनवरी को पूरी गुलाबगंज तहसील के सभी ग्रामों के प्रमुख मंदिरों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अटारी खेड़ा में संगीतमय सुंदरकांड एवं दोपहर 2 बजे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पूरे कार्यक्रम में गुलाबगंज खंड के सभी स्वयंसेवक तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। इनमें शंभू सिंह रघुवंशी जिला कृषि कार्य प्रमुख आरएसएस, जितेंद्र दांगी, पंकज सोनी अल्पकालीन विस्तारक आरएसएस, जगदीश रघुवंशी गुलाबगंज नगर कार्यवाह समस्त खंड कारिणी, आनंद दांगी, बलराम दांगी, आदित्य दांगी, यश रघुवंशी, रामराज दांगी, शिवा दांगी, सुमित लोधी, जगत सिंह शामिल हैं। उक्त जानकारी गुलाबगंज खंड सह कार्यवाह महेन्द्र रघुवंशी ने दी।

# पीले चावल वितरित करने नगर में निकले राम भक्त



**कुरवाई।** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण हेतु अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश पीले चावल के वितरण का महा अभियान क्षेत्र में चल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर में राम भक्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता अक्षत कलश पीले चावल लेकर नगर में द्वार द्वार पहुंचे। राम भक्तों ने सनातनियों के घर पहुंच कर 22 जनवरी को अपने-अपने घर पर भगवा ध्वज और दीप उत्सव के साथ रोशनी करने का आग्रह किया नगर की विभिन्न मंदिरों में एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। सुंदरकांड भजन कीर्तन आदि धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नप के 3 कचरा वाहनों की नगर को सौगात

**सिलवानी।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा स्वच्छता की रैंटिंग में नगर को सिरमौर बनाने को लेकर नगर परिषद द्वारा लगातार कवायद की जा रही है, ताकि नगर स्वच्छ बन सके। इसी कड़ी में नगर परिषद के द्वारा क्रय किए गए 3 मैजिक कचरा वाहनो को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष रेषु विभोर नायक के द्वारा फीता काट कर कचरा संग्रहण के लिए रवाना किया। कचरा वाहन नगर में घर घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य करेगें। हालांकि पूर्व से ही नगर परिषद के द्वारा नगर के घरो व व्यवसायिक प्रतिष्ठनो से निकलने वाले कचरा का संगहण किए जाने का कार्य कचरा वाहनो से प्रति दिन कराया जा रहा है।

### स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार आज

**रायसेन।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी समस्त शासकीय और अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सूर्यनमस्कार/प्राणायाम किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम 12 जनवरी को खेल स्टेडियम में प्रातः 8.30 बजे से प्रारंभ होगा।

### युवा दिवस मनाए जाने को लेकर समिति गठित

**रायसेन।** जिले में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाने कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति में एसपी, जिला पंचायत सीईओ, डीईओ, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला परियोजन समन्वयक कल्याण विभाग, पीआरओ, सीएमएचओ, स्वामी विवेकानंद कॉलेज रायसेन प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य , परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अधिकरण रायसेन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कलेक्टर द्वारा नामित जिला खेल अधिकारी को शामिल किया है। इनके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा नामांकित 5 अशासकीय संगठनों के सदस्य ब्रम्हाकुमारी सुश्री गंगा, गायत्री परिवार ममता दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक राठौर, जिज्ञासा समाज कल्याण सेवा समिति रायसेन मुकेश कुमार तथा संचालक एसएल गुरूकुल स्कूल रायसेन के राम रघुवंशी को भी समिति में शामिल किया है।

### छोला-सेमरा जोड़ पर कार बाइक में हुई भिंडत

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित कूल्हाड़िया के पास छोला और सेमरा जोड़ पर गुरुवार 4 बजे के लगभग मोटरसाइकिल और कार भिंडत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार संजय लोधी पिता जगदीश लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी जमुनिया विदिशा से अपने घर वापस आ रहा था पीछे से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार संजय लोधी रोड पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। कार भी अनियंत्रित होते हुए एक खंबे से टकरा गई। कार में बैठे दो व्यक्ति सुरक्षित बच गए।

### सीएम राइज स्कूल पहुंचे कमांडिंग ऑफिसर

**बाड़ी।** 1 एमपी सीटीआर एनसीसी भोपाल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एच शुकुर ने एनसीसी टूप न 52 शासकीय सीएम राइज विद्यालय बाड़ी का विजिट किया। एनसीसी अधिकारी एसआर मालवीय, एनसीसी कैडेट्स सीपीएल कृतिका चौहान, नैन्सी नामदेव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सीओ ने प्रिंसिपल बीएस मीना से मिलकर एनसीसी को सहयोग हेतु प्रशंसा की और एनसीसी कैडेट्स सार्जेंट रमन मेवाडा, सीपीएल कृतिका चौहान, नेंसी नामदेव, मयंक गौर, धुर्व अहिरवार, सुरेश कुमार अहिरवार को रैंक लगाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### सुबह सुबह छाया रहता घना कोहरा, तापमान में गिरावट जारी

# मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, शीत लहर चलने से लोगों का बुरा हाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में बीते 10 दिनों से मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार से चल रही सर्द हवाओं और कोहरे के कारण कंपकपा देने वाली ठंड से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि बीती रात का तापमान 13 डिग्री जबकि गुरुवार को रात का तापमान 10 डिग्री तथा दिन का तापमान 23 डिग्री दर्ज़ किया गया था, वहीं दिन भर कोहरे की धुंध छाई रही। रायसेन में कोल्ड डे और शीत लहर जैसा मौसम माना जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि बारिश और ओले गिरने के बाद जो ठंड पड़ती है वैसी ठंड वर्तमान में कोहरे के गलने से पड़ रही है, लेकिन दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आ रहा है।

इस प्रकार का मौसम कोल्ड डे और शीत लहर की श्रेणी में नहीं आता है। कोहरा छटने और धूप निकलने के बाद दिन और रात के पारे में जब गिरावट आएगी, तब शीत लहर और कोल्ड डे जैसे हालात बनेंगे।

#### सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ी, अलाव का सहारा लेते रहे लोग

*सुबह के समय धुंध और कोहरे की चादर से शहर ढका हुआ नजर आया। सुबह 8.30 बजे तक भी विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर को सुबह लगने वाली शासकीय अशासकीय विद्यालयों के शाला लगने के समय में परिवर्तन कर दिया है।*

*कोहरे के साथ ही सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ी गई है। लोग गर्म कपड़ों में बाहर निकले और अलाव का सहारा ले रहे। सर्द हवाएं चलने से लोगों को तेज सर्दी का एहसास हो रहा है। रात में बादल छाने से तापमान भी नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मावठे की बारिश की संभावना जताई है। बारिश होने से किसानों को फायदा होगा।*

## मतदान केंद्र से अनुपस्थित रहने पर तीन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षित पुनरीक्षण-2024 अंतर्गत सभी बीएलओ को 06 जनवरी से अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने या हटवाने हेतु दावा-आपत्तियां प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन बीएलओ को मतदान केन्द्र में उपस्थित नहीं रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-107 के बीएलओ अशोक चौबे सचिव ग्राम पंचायत पिपलिया बिचौली, मतदान केन्द्र क्रमांक-201 बर्धा के बीएलओ रवीन्द्र रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-183 बम्होरी के बीएलओ सुरेन्द्र गौर रोजगार सहायक अपने-अपने मतदान केन्द्रों से अनुपस्थित पाए गए। जिसके कारण फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है।

#### 3 दिवस में मांगा जबाव

संबंधित बीएलओ का यह कृत्य दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने का परिचायक है। जिसके दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने बीएलओ अशोक चौबे, रवीन्द्र रघुवंशी तथा सुरेन्द्र गौर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने या जबाव समाधानकारक नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## स्थाई रोजगार की मांग को लेकर जनसेवा मित्रों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर तहसील भर के मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों ने सीएम डा. मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा तथा मांग को पूरा करने का आग्रह किया।

आवेदन में उल्लेख किया है कि अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल से संचालित मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र जो कि प्रदेश भर में द्वार द्वार पहुंच कर सरकार व जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे है। अब जबकि मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र का कार्यकाल समाप्ति पर है। इस कार्यकाल को आगें बढ़ाने तथा स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर प्रदेष के सभी मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र प्रदेष सरकार से आग्रह करते है कि ना केवल उनका मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र का कार्यकाल बढ़ाया जावे बल्कि सभी को स्थाई रोजगार भी उपलब्ध कराया जावे।

यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रदेश में 9 हजार मुख्यमंत्री जननेवा मित्र है। जो कि सरकार व आम जनता के बीच सेतु का काम कर प्रदेश व केंद्र सरकार की योजना का प्रचार प्रसार कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचाते है। वही स्थानीय प्रशासन के भी हर कार्य शिविर इत्यादि में भागीदार रहते है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने घोषणा की थी कि हमारी अगली सरकार में भी आपकी सेवा निरंतर जारी रहेगी। विवेकानंद केन्द्र बना कर केंद्र का संचालन जनसेवा मित्रों द्वारा किया जाएगा। इंटरशिप 31 जनवरी को खत्म होने वाली है। वहीं अभी तक सेवा विस्तार का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं विभिन्न सूत्रों से मौखिक खबर आ रही है की इंटरशिप को खत्म किया जा रहा है।

इंटरशिप खत्म हो जाने से प्रदेश के 9 हजार जनसेवा मित्र बेरोजगार हो जाएगे बल्कि उनके परिवार के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन हो जाएगा। ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि प्रदेश के 9 हजार जनसेवा मित्रो का सेवा विस्तार कर वेतन में इजाफा कर रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि ताकि प्रदेश के युवा प्रदेश के विकास में बढ़ चढ़कर अपनी सेवा दे सके।

## जिपं सीईओ ने रुके हुए मामलों का तुरंत निराकरण करने के बैंकर्स को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



गुरुवार को जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सभी बैंकर्स की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने एलडीएम सहित सभी बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि आगामी 14 जनवरी को रायसेन नगर में नगरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन प्रस्तावित हैं।

इस अवसर सभी बैंकों द्वारा स्टॉल लगाए जाएं तथा शासन की विभिन्न रोजगारमूलक तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण कर हितलाभ वितरण करें। उन्होंने ग्रामोद्योग विभाग के लंबित प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक सहित अन्य सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में सभी की सक्रिय सहभागिता हो। उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत भी लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने संबंधी निर्देश दिए। बैंकर्स द्वारा ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर नागरिकों के खाते खुलवाए जाएं।

उन्होंने पीएम जनधन योजना अंतर्गत खाते खुलवाने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और जीवन सुरक्षा बीमा योजनाओं के आवेदन लिए जाने सहित विभिन्न योजनाओं में प्रकरण स्वीकृति और वितरण की कार्यवाही के निर्देश दिए।

### 5 चोर मुरैना के तो एक विदिशा का निवासी

## पकड़े गए चोरों से करीब डेढ़ लाख की सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

फॉलोअप

21 दिसंबर की रात में अयोध्या नगर में 6 मकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों को पुलिस ने धर दबोचा जिनमें से पांच मुरैना के बताए जा रहे हैं वहीं एक विदिशा जिले कि निवासी है। पुलिस पकड़े गए चोरों से लगातार पूछताछ कर रही है की इतनी दूर से यहां आकर चोरी की घटना को किस तरह से अंजाम दिया।

पकड़े गए चोरों से फरियादी प्रीतम गौर पिता नारायण सिह गौर निवासी पिपलिया पाठक हाल निवासी अयोध्या नगर के घर से चोरों द्वारा चुराए गए सोने चांदी के आभूषण जिसमें एक जोड़ी सोने की झुमकी, दो जोड़ी सोने की नाक की कील,चार जोड़ी चाँदी की पायलें, तीन जोड़ी चाँदी की बिछिया, एक जोड़ी चाँदी की अंगूठी, सात चाँदी के सिक्के, चार संतान सत्तमी की चाँदी की चूड़ियां कुल मसरूका करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का जप्त करने में सफलता पाई है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये एसपी विकाश कुमार शहवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी संतोष सिह ठाकुर के द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों व माल मशरूका की तलाश पतारसी प्रारंभ की गई थी। अनुसंधान के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार एवं अन्य थाना क्षेत्रों में सूचना भेजने पर 25 दिसंबर को थाना अमानगंज जिला पन्ना द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर मनोवैज्ञानिक पूछताछ पर आरोपियों द्वारा बेगमगंज क्षेत्र मे चोरी करना कबूल किया

#### ये आरोपीगण हुए गिरफ्तार

*राहुल उर्फ बल्ली पिता सूरतराम कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी ग्राम बिजौलीपुरा थाना माता बसैया जिला मुरैना प्रमोद पिता विद्याराम कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरी थाना सिविल लाईन जिला मुरैना वीरेन्द्र उर्फ वीरू पिता मुन्नालाल कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी ग्राम दिमनी जिला मुरैना संजू सिंह पिता रामसिह गुर्जर उम्र 26 साल निवासी भभूति की शाला थाना माता बसैया जिला मुरैना रामकेश उर्फ रामकृष्ण पिता हरिसिंह कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी ग्राम उम्मेदगढ़ थाना बागचीनी जिला मुरैना और संजय उर्फ संजू पिता इमरत लोधी उम्र 32 साल निवासी ग्राम बड़गवां थाना गुलाबगंज जिला विदिशा से सख्ती से पूछताछ की जा रही है।*

*चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में टीआई संतोष सिंह ठाकुर, एसआई संदीप पवार, एएसआई मनकर अहके, आरक्षक विवेक राजपूत, आरक्षख अजय राजा, मो. शम्स की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस ने 6 आरोपियों के विरुद्ध धारा 457, 380 भादवि का कायम कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।*

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस ने आठ बाइक जब्त कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज



सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जहां पुलिस लोगों को यातायात नियमों को समझाइश देकर हेलमेट लगाने बाइक पर दो से अधिक लोगों को नहीं बिठाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने आदि की समझाइश दे रही है।

वहीं गुरुवार को नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सड़क पर बाइके खड़ी करके गायब होने वाले लोगों को सबक सिखाते हुए 8 बाइकों को नगर पालिका के कर्मचारियों ने अपने वाहन में रखकर थाने में ले जाकर जमा कर दिया पुलिस ने विभिन्न बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। दो दिन से चल रही इस मुहिम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले इधर-उधर के रास्तों से भागते नजर आ रहे हैं।

आपको बता दें कि प्रशासन ने यातायात नियमों को सख्त कर दिया है बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई चालान के रूप में की जा रही है वही बिना शीट बैल्ठ लगाने वालों को और बच्चों को बाइक देने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई से लोगों पर हड़कंप मचा हुआ है।

इस संबंध में थाना निरीक्षक संतोष सिंह ठाकुर का कहना है कि लोगों को हमेशा ही यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। पुलिस आगे भी कार्रवाई करती रहेगी।

### सभी वर्ग ने उत्साह से किया योग

## स्वामी परमार्थ देव हरिद्वार के सानिध्य में हुआ योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



पूज्य संत एवं योग गुरु स्वामी रामदेव जी द्वारा देश-विदेश में योग का झंडा बुलंद किया गया है। पतंजलि योगपीठ ने योग और आयुर्वेद में विश्वस्तरीय मुकाम हासिल किया है। इसी क्रम में जिले की बाड़ी में भी एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया गया।

स्वामी रामदेव जी के शिष्य डॉ स्वामी परमार्थ देव महाराज के सानिध्य में योग शिविर आयोजित किया। स्वामी परमार्थ देव जी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी है। स्वामी जी द्वारा इंटीग्रेटेड योग द्वारा लोगों को अनेक बीमारियों से बचने हेतु अभ्यास कराया। शिविर में अनुभवी वैद्यों द्वारा निःशुल्क परामर्श भी दिया। स्वामी परमार्थ देव ने प्रातः उठकर योग करने के अनेक फायदे बताये।

योग शिविर में करण सिंह पवार मप्र राज्य प्रभारी, डॉ पुष्पांजलि शर्मा, राजेंद्र आर्य, अनिल सेन, लखन सिंह, ज्योति बहन, रमेश शर्मा, लाखन सिंह राजपूत, बृजभूषण पटेल, मनीराम चौहान, जसवाल जी रायसेन, शैलेन्द्र चौहान तहसील प्रभारी सहित अनेक पतंजलि योगपीठ के अधिकारी, योगी शामिल रहे।

### शहर में निकाली शोभायात्रा, दर्शकों ने किया फूलमाला से स्वागत

## अयोध्या वापस लौटने पर श्रीराम का किया राजतिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन





श्री रामलीला मैदान में गुरुवार को भगवान श्री राम का राज्याभिषेक कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया। राजतिलक करने के पश्चात भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी, भरत शत्रुघ्न के साथ झांकी सजाकर रामलीला मैदान से शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो रामलीला मार्केट होते हुए माता मंदिर चौराहा से होकर बड़ा मंदिर पहुंची।

इसके पश्चात शोभा यात्रा तीपट्टा बाजार होते हुए राम जानकी मंदिर पुराना कोतवाली होकर सीधे चोपड़ा दुर्गा मंदिर पहुंची इसके पश्चात शोभा यात्रा वापस भोपाल मार्ग गंज बाजार होते हुए महामाया चौक होकर सांची मार्ग स्थित चतुर्वेदी निवास पर आई जहां भगवान की विशेष पूजा अर्चना एवं महा आरती का आयोजन किया गया एवं भगवान को स्वल्पाहार भोजन आदि ग्रहण कराया गया। शोभायात्रा का नगर में नगर वासियों द्वारा पुष्प हार के साथ भगवान की गई। झांकी का स्वागत किया एवं भगवान के दर्शन करने लोग अपने घरों से बाहर निकल कर आशीर्वाद लेते देखे गए। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ श्रीरामलीला महोत्सव का भी समापन किया। 20 दिनों तक चले मेले का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं युवा एवं बच्चें भी झूलों का लुफ्त उठाते हुए नजर आए।